शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन नौ दिन से अनवरत जारी

अभिभाषक संस्था शाहपुरा के अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों का बहिष्कार जारी रखा

शाहपुरा, (निसं)। जिला बचाओ संघर्ष के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर दूसरे दिन श्री गणेश उत्सव समिति शाहपुरा के सदस्यों ने क्रमिक अनशन धरना दिया। श्री गणेश उत्सव समिति शाहपुरा के सदस्यों एवं संघर्ष समिति के सदस्यों और अधिवक्ताओं ने शाहपुरा जिला को समाप्त करने के विरोध में नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया और शाहपुरा को वापस जिला बनाने की मांग की।

संघर्ष समिति के संयोजक रामप्रसाद जाट ने बताया कि शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गालाल राजोरा क्रमिक अनशन धरने पर बैठे श्रीगणेश उत्सव समिति के सदस्य अर्पित कसेरा, जयंत जीनगर, अनिल सोनी, ऋषभ सोनी, अभिषेक सोनी, हर्ष चंदेल, मदनलाल, किशन खटीक, विकास, राजेश, प्रवीण कुमार सहित सदस्यों को माला पहनाकर धरने पर बैठाया गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के रामेश्वर लाल सोलंकी, पूर्व शारीरिक शिक्षक रामस्वरूप खटीक, अविनाश शर्मा, अजय मेहता, सुनील मिश्रा, छोटू खान, हाजी उस्मान मोहम्मद छिपा पूर्व पार्षद शंकर खटीक, पूर्व सरपंच कालूराम मीणा, राम प्रसाद गुर्जर एवं अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा, सचिव वीरेंद्र सह सचिव कमलेश मुंडेतिया, पुस्तकालय अध्यक्ष दीपक मीणा, वरिष्ठ अधिवक्ता गोविंद सिंह हाडा, त्रिलोकचंद नौलखा, अनिल शर्मा, नमन ओझा, पन्नालाल खारोल, चावंड सिंह, अंकित शर्मा, महेंद्र रायका, ताज मोहम्मद, प्रियेश यदुवंशी, सोहेल खान, पीएलवी अभय गुर्जर मौजूद रहे।

जिला समाप्त करने के विरोध में अनशन धरने पर श्री गणेश उत्सव समिति शाहपुरा के सदस्य बैठे।

अधिवक्ताओं का न्यायिक कार्यों का बहिष्कार जारी :- अभिभाषक संस्था के सहसचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि जिला बचाओ संघर्ष समिति को आमजन का सहयोग लगातार मिल रहा है। शुक्रवार को भी अभिभाषक संस्था शाहपुरा के अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों का बहिष्कार जारी रखा और शाहपुरा को यथावत जिला बनाए की मांग की।

आज विप्र सेना शाहपुरा देगी धरना :- जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा ने कहा कि 11 जनवरी को क्रमिक अनशन धरने पर विप्र सेना शाहपुरा के सदस्य बैठकर धरना देंगे। वहीं अभिभाषण संस्था के सहसचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि जिला बचाओ संघर्ष समिति को शाहपुरा को जिला बनाए रखने के लिए लगातार विभिन्न सामाजिक संगठनों का समर्थन मिल रहा है। शुक्रवार को श्री दिगंबर जैन जागृति महिला मण्डल शाहपुरा की महिलाओं ने धरना स्थल पर पहुंचकर जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा और संयोजक रामप्रसाद जाट को समर्थन पत्र देकर शाहपुरा को वापस जिला बनाए रखना के लिए हर संभव आंदोलन में बराबर भाग लेकर मदद करने की बात कही। महिला मंडल में रेखा जैन, माना देवी जैन पनगाड़िया, निकिता जैन, मधु जैन, कोमल पाटनी, मंजू जैन, अनीता जैन, सुनीता जैन, अलका, कल्पना जैन आदि ने नारेबाजी व प्रदर्शन कर शाहपुरा जिला समाप्त करने का विरोध किया।

- **श्री दिगंबर जैन जागृति महिला मंडल शाहपुरा की महिलाओं ने धरना स्थल पर पहुंचकर समर्थन दिया**

कोहरे के कारण दो ट्रकों में टक्कर, एक घायल

घायल चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया

हादसें में ट्रक के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

भीलवाड़ा, (निसं)। एक बार फिर से कोहरे के कारण कोठारी नदी के पास यूनिक होटल के सामने सुबह चार बजे आगे चल रहे ट्रक से पीछे से ट्रक की टक्कर हो गई, जिसमें ट्रक चालक विनय सिंह पुत्र सुखपाल सिंह गंभीर रुप से घायल हो गया। मांडल चौकी पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची। साथ ही 108 भी पहुंच गई। एंबुलेंस पायलट प्रभु प्रजापत एवं मेल नर्स रवि वर्मा ने घायल को महात्मा गांधी जिला चिकित्सालय भीलवाड़ा पहुंचाया, जहां पर घायल का उपचार शुरू किया गया है। घटना स्थल पर वाहनों का लंबा जाम लग लगा, जिनसे कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने खुलवाते हुए मार्ग को सुचारू करवाया।

इसी मार्ग पर कोठारी पुलिया के निकट ही गत दिनों कोहरे की चपेट ने आने से एक के बाद एक करीब एक दर्जन वाहनों की भिड़ंत हो गई थी, जिसके बाद जिला कलेक्टर नमित मेहता और एसपी धर्मेंद्र यादव ने मौका मुआयना कर हाइवे प्रशासन को कोहरे में हादसा रोकने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे, लेकिन अब तक भी उन निर्देशों की पालना में सख्त कदम नहीं उठाए जाने के कारण फिर से इस मार्ग पर हादसा हुआ। गनीमत रही कि हादसे ने पूर्व की तरह विकराल रूप नहीं लिया।

कोहरे से दो ट्रकों की भिड़ंत, तीन जने घायल

सादुलपुर, (निसं)। अचानक बदला मौसम शुक्रवार को वाहन चालकों पर मुसीबत और आफत बनकर आया। अलसुबह घने कोहरे के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग 52 चूरू-राजगढ़ बाइपास पर दो ट्रकों की आमने- सामने हुई जबरदस्त भिड़ंत में तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए तथा ट्रकों के परखच्चे उड़ गए। कोहरा इतना ज्यादा था कि हाथ से हाथ दिखाई नहीं दे रहा था। दुर्घटना में एक ट्रक के केबिन में दो व्यक्ति तथा दूसरे ट्रक में एक व्यक्ति फंस गया।

घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना अधिकारी पुष्पेंद्र झाझडिया के नेतृत्व में हैड कास्टेबल ओमप्रकाश सहारण मय पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा केबिन में फंसे घायलों को बाहर निकाला तथा राजकीय उप जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने दोनों ट्रकों को सड़क से हटाकर यातायात व्यवस्था बहाल की। थाना अधिकारी पुष्पेंद्र झाझडिया ने बताया कि ट्रक चालक पंकज कुमार सैनी उम्र 35 वर्ष निवासी बरवाला थाना धर्मशाला जिला कांगडा हिमाचल प्रदेश अपने ट्रक में रुई की गांठें भरकर गुलाबपुरा भीलवाड़ा जा रहा था। वहीं दूसरे ट्रक में ट्रक चालक रामनिवास जाट उम्र 27 वर्ष निवासी लूणकरणसर बीकानेर तथा परिचालक पूर्णाराम जाट उम्र 28 वर्ष निवासी कालू लूणकरणसर से पशु आहार भरकर हिसार की ओर जा रहे थे। राजगढ़-चूरू बाइपास पर जैसे ही दोनों पहुंचे तो कोहरे के कारण दोनों ट्रकों में आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जिसके कारण एक ट्रक में सवार रामनिवास और पूर्णा राम तथा दूसरे ट्रक में एक मात्र चालक पंकज कुमार घायल हो गए।

- **दुर्घटना में एक ट्रक के केबिन में दो व्यक्ति तथा दूसरे ट्रक में एक व्यक्ति फंस गया**

सांभर के पार्षद वकार युनुस को निलंबित किया

सांभरझील, (निसं)। स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार के आयुक्त एवं शासन सचिव कुमार पाल गौतम ने एक आदेश जारी कर तीसरी संतान होने का प्रमाण पाए जाने पर सांभर के वार्ड 25 के पार्षद को निलंबित कर दिया है। नगरपालिका सांभर के पार्षद वकार युनुस के तीसरी हो संतान होने से संबंधित प्रकरण की जिला कलेक्टर जयपुर से जांच करवाई गई थी।

पार्षद को तीसरी संतान 8 मई 2023 को हुई थी जिसमें उनके एक पुत्री ने जन्म दिया था। यद्यिप इस मामले में पार्षद (नगरपालिका सदस्य) को राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 39 (1) के तहत सुनवाई का अवसर दिया गया था। इसके लिए विभाग की ओर से स्पष्टीकरण चाहने बाबत नोटिस भी जारी किया गया था, लेकिन नियत समयावधि में उनके द्वारा स्पष्टीकरण नोटिस का जवाव प्रस्तुत नहीं किया गया।

मामले के अंतर्गत राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 24 के अनुसार वकार युनूस, नगर पालिका सांभरलेक (जयपुर) के सदस्य के पद के अयोग्य होने एवं प्रथम दृष्टया राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 39 (1) (ग) के तहत पाये जाने पर राज्य सरकार द्वारा राजस्थान नगर पालिका अधिनियम के तहत उपरोक्त प्रकरण की न्यायिक जांच करवाने का निर्णय लिया जाने पर, प्रकरण को न्यायिक जांच हेतु विधि विभाग को प्रेषित किया जा चुका है।

बीकानेर कलेक्टर की गाड़ी का एक्सीडेंट

बीकानेर, (निसं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की कार का देर रात को एक्सीडेंट हो गया। कलेक्टर की गाड़ी को चारे से भरी एक ओवरलोड पिकअप ने टक्कर मार दी, हालांकि हादसे में कलेक्टर को चोट नहीं आई। उन्हें एसपी कावेंद्र सिंह सागर की कार में लिफ्ट लेकर बीकानेर लौटना पड़ा।

जिला कलेक्टर नम्रता इन दिनों भारत-पाकिस्तान सीमा पर बसे गांवों में संवाद कार्यक्रम कर रही है। इसी के तहत वो मोडायत गांव में लोगों से संवाद करके वापस बीकानेर लौट रही थी। मोडायत से लौटते समय बज्जू के पास कलेक्टर की कार सामने से आ रही एक पिकअप गाड़ी से टकरा गई। ये पिकअप गाड़ी चारे से भरी हुई थी, जिसमें अतिरिक्त चारा भरा हुआ था। हादसे के समय कार में कलेक्टर और ड्राइवर थे। दोनों को किसी तरह की चोट नहीं आई है। गाड़ी को सामान्य नुकसान हुआ है। हादसे के बाद साथ ही चल रहे एसपी कावेंद्र सिंह सागर भी मौके पर पहुंच गए। कलेक्टर बाद में एसपी सागर की कार में ही बीकानेर तक आई। रात करीब साढ़े दस बजे कलेक्टर बीकानेर पहुंची। उन्होंने बताया कि किसी तरह की चोट नहीं लगी है।

पाक जयरीन दल रवाना

अजमेर, (कासं)। सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 813 वें सालाना उर्स में हर साल की तरह इस साल भी अजमेर आए पाक जायरीन दल कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच शुक्रवार को अजमेर रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन से रवाना हुआ। ट्रेन के रवाना होने से पूर्व पाक जायरीन भावुक हो गए और उन्होंने कहा कि दोनों देशों में आपसी भाईचारा बने। खुफिया विभाग, जीआरपी और स्थानीय पुलिस के जवानों ने कोच में जायरीनों को बैठाने से पहले उसकी संघन जांच की गई। सभी जायरीनों को पुरानी मंडी स्थित सेंट्रल गर्ल्स स्कूल से रेलवे स्टेशन तक बसों से लाया गया, जिससे इनके साथ इनका लगेज भी सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से ट्रेन तक पहुंचे इसके लिए विशेष इंतजाम किए गए। पाकिस्तानी जायरीन स्पेशल ट्रेन के जरिए पाकिस्तान के लिए रवाना हुए। इस दौरान अजमेर रेलवे स्टेशन पर जिला पुलिस, जीआरपी, आरपीएफ सहित सुरक्षा एजेंसी अलर्ट रही।

अजमेर में चल रहे ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के 813वें सालाना उर्स का समापन शुक्रवार को बड़े कुल की रस्म और जुमे की नमाज के साथ हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में जायरीन नमाज पढ़ी और देश व दुनिया में अमन-चैन की दुआ मांगी। उर्स के मौके पर बड़े कुल की रस्म में शुक्रवार सुबह 8:30 बजे खादिम समुदाय ने अदा की, खादिमों ने मजार शरीफ पर गुलाब जल और केवड़े से गुस्ल दिया और इत्र और चंदन का गिलाफ पेश किया। गुस्ल का पानी व संदल जायरीन को तबर्रुक के रूप में बांटा गया। दोपहर को उर्स के मौके पर जुमे की नमाज के लिए जायरीन का सैलाब उमड़ा। दरगाह दीवान जैनुअल आबेदीन सहित दरगाह कमेटी ने 813 वें उर्स को लेकर जिला प्रशासन सहित सभी सामाजिक संस्थाओं और स्वयंसेवकों व दानदाताओं का शुक्रिया अदा किया।

चोरों ने जेएलएन अस्पताल में वारदात की

अजमेर, (कासं)। अजमेर संभाग के सबसे बड़े जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में चोरी की वारदात सामने आई है। अधीक्षक ने हॉस्पिटल में मलबा उठाने वाली एजेंसी पर कबाड़ चोरी करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली थाने में शिकायत दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली थाने के एएसआई भगवान सिंह ने बताया कि जेएलएन अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर अरविंद खरे की ओर से थाने पर मुकदमा दर्ज करवाया गया है। अधीक्षक ने शिकायत देकर बताया कि हॉस्पिटल परिसर में एक निर्माण एजेंसी है, जो कि मलबा उठाने का काम कर रही है। उसी जगह पर उनका फर्नीचर और कबाड़ सहित अस्पताल का कई सामान पड़ा था। अधीक्षक ने आरोप लगाया की एजेंसी के कर्मचारियों के द्वारा कबाड़ को चोरी कर ले गए हैं। मामले में अधीक्षक की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

केमिकल से भरे टैंकर में अज्ञात कारणों के चलते लगी आग

सादुलपुर, (निसं)। कस्बे के राजगढ़-झुन्झूनूं सड़क पिलानी-राजगढ़ बाइपास पर गुरुवार-शुक्रवार मध्य रात्रि को केमिकल से भरे हुए दौड़ रहे एक टैंकर में अचानक आग लग गई। देखते-देखते केमिकल से भरे टैंकर में आग लपटें उठने लगी। टैंकर में 35 हजार लीटर स्टेरिंग स्टाईस फाइबर कैमिकल भरा हुआ था, तथा टैंकर चालक ने कूद कर अपनी जान बचाई।

टैंकर में ज्वलनशील केमिकल होने और तेज हवा चलने से आग तेजी से फैली और टैंकर धूं-धूं कर जलने लगा तथा सड़क के दोनों तरफ वाहन चालकों के पहिए थम गए। सूचना मिलते ही थाना अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझडिया पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे तथा चूरू, तारानगर, पिलानी व राजगढ़ से भी फायर ब्रिगेड गाड़ी को बुलाया तथा लगभग दो घंटे तक कड़ी मेहनत कर आग पर काबू पाया, लेकिन शुक्रवार दोपहर तक केमिकल टैंकर में धुंआ निकल रहा था तथा टैंकर जलकर राख हो चुका था। इस हादसे में किसी भी जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है, लेकिन टैंकर और उसमें भरा कैमिकल पूरी तरह से जल जाना लाखों का एक बडा नुकसान है। अग्नि नियंत्रण होने के बाद वाहन चालकों ने राहत की सांस ली तथा सड़क पर यातायात व्यवस्था शुरू की गई।

थाना अधिकारी पुष्पेंद्र झाझडिया ने बताया कि टैंकर चालक अशोक कुमार यादव उम्र 41 वर्ष निवासी कोरारी सरहद पुलिस थाना फरया तहसील जसराना जिला फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश निवासी है तथा टैंकर मालिक दिल्ली निवासी पीयूष अग्रवाल है। टैंकर चालक 8 जनवरी को गांधीधाम से केमिकल स्टीयरिंग स्टाइल्स 35 हजार लीटर कुल 32 टन भरकर सोनीपत के लिए रवाना हुआ था।

- **टैंकर में 35 हजार लीटर स्टेरिंग स्टाइस फाइबर केमिकल भरा था**
- **फायर ब्रिगेड टीम ने दो घंटे के बाद आग पर काबू पाया, टैंकर चालक ने कूदकर जान बचाई**

ट्रैक्टर चोरी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

अजमेर, (कासं)। अजमेर की आदर्श नगर थाना पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी करने के मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, एक नाबालिग को निरुद्ध किया। आरोपियों के कब्जे से ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद कर ली है। आदर्श नगर थाना प्रभारी दिनेश कुमावत ने बताया कि 4 जनवरी को हटूंडी निवासी सिकंदर खान ने थाने पर मुकदमा दर्ज करवाया था। मामले में मुकदमा दर्ज का टीम का गठन किया गया और कार्रवाई के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी दिनेश कुमावत ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी चेक किए गए। मुखबिर को भी इसकी सूचना देकर अलर्ट किया। अजमेर, राजोसी, नसीराबाद, मांगलियावास, मसूदा आसपास के कथित मुलजिमानों के संबंध में पूछताछ की जाकर जानकारी जुटाई गई। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर टीम ने कार्रवाई करते हुए जिला ब्यावर निवासी फरदीन खान उर्फ फिरोज (24) अजमेर निवासी अब्दुल खान (25) पुत्र भंवर खान और अमीन खान (19) पुत्र करीम चिता को गिरफ्तार किया।

चाइनीज़ मांझे की बिक्री के विरुद्ध देवली पालिका प्रशासन ने कार्रवाई की

देवली, (निसं)। इन दिनों मकर संक्रांति त्योहार के चलते यहां पतंगबाजी का दौर शुरू हो गया है। इसी को लेकर पालिका प्रशासन ने शुक्रवार को चाईनीज मांझे के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चाइनीज मांझे की दो दर्जन चर्खियां जब्त की है।

चाइनीज मांझे के विरुद्ध इस कार्रवाई पर पालिका के अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा ने जानकारी में बताया कि राज्य में चाईनीज मांझे के उपयोग पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित लगाया हुआ है। इसके बावजूद कुछ व्यापारियों द्वारा शहर में आदेशों की पालना नहीं कर प्रतिबन्धित चाईनीज मांझे का विक्रय किया जा रहा है। इसको लेकर नगरपालिका टीम ने शुक्रवार को शहर में स्थित विभिन्न दुकानों पर जाकर मांझे के 24 रोल जब्त करने की कार्रवाई की है। ईओ मीणा ने यह भी बताया कि करवाई दौरान दुकानदारों को चाईनीज मांझे का विक्रय नहीं करने हेतु पांबद किया है।

साथ ही दुकानदारों को चेतावनी भी दी गई है, यह की अगर कोई भी व्यापारी चाईनीज मांझे का विक्रय करता हुआ पाया जाता है तो नगरपालिका प्रशासन द्वारा पुनःजब्ती की कार्यवाही की जावेगी। उल्लेखनीय है कि शहरभर में लगभग दो दर्जन पतंग डोर की दुकान त्योहार के चलते संचालित हो रही है, जिसमें से लगभग आधा दर्जन दुकानों पर पतंग डोर का होलसेल कारोबार किया जा रहा है। शुक्रवार को प्रतिबंध चाइनीज मांझे के विरुद्ध कार्रवाई करने दौरान पालिका के सहायक अभियंता सुमित कुमार खोरवाल, कार्यवाहक एसआई कुलदीप सिंह शक्तावत, कार्यवाहक सफाई जमादार विकास अजयपाल, कार्यवाहक सफाई जमादार राकेश रियल टीम में शामिल रहे।



पालिका कर्मियों ने चाईनीज मांझे की दो दर्जन चर्खियां जब्त की।

सांवलियाजी सेठ के एक माह का भंडार एवं भेंट कक्ष का चढ़ावा 23 करोड़ के पार

मंडफिया, (निसं)। मेवाड़ अंचल के प्रमुख तीर्थ स्थल भगवान श्रीसांवलियाजी सेठ मंडफिया के दरबार में गत 29 दिसंबर चतुर्दशी को खोले गए भंडार की शेष रही राशि की गिनती छह चरणों में संपन्न हुई। भंडार की गिनती मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरुलाल गुर्जर एवं मंदिर की मुख्य निष्पादन अधिकारी प्रभा गौतम की उपस्थिति में हुई।

मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर ने बताया कि छठे चरण में हुई भंडार गिनती में 06 लाख 24 हजार 624 रुपए नगद प्राप्त हुए। इससे पूर्व पांच चरणों में हुई गिनती में 17 करोड़ 73 लाख 93 हजार रुपए नगद प्राप्त हुए थे। उन्होंने बताया कि छह चरणों की गिनती को मिलाकर कुल 17 करोड़ 80 लाख 18 हजार 624 रुपए की नगद प्राप्त हुए। प्रशासनिक अधिकारी टेलर ने बताया कि इसके अलावा भंडार से निकले सोने-चांदी का तोल भी किया गया। भंडार से 1 किलो 40 ग्राम सोना व 43 किलो 144 ग्राम चांदी प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि विभिन्न भक्तों द्वारा मंदिर कार्यालय में 220 ग्राम 100 मिलीग्राम सोना व 46 किलो 523 ग्राम चांदी भेंट स्वरूप जमा हुई।

प्रशासनिक अधिकारी टेलर ने बताया कि इसके अलावा विभिन्न भक्तों ने विभिन्न स्थानों से मनीऑर्डर भेजकर, ऑनलाइन द्वारा एवं स्वयं उपस्थित होकर मंदिर कार्यालय में 5 करोड़ 38 लाख 90 हजार 140 रुपए भेंट जमा किए। भगवान श्रीसांवलियाजी सेठ के एक माह के भंडार एवं भेंट कक्ष कार्यालय से कुल 23 करोड़ 19 लाख 08 हजार 764 रुपए का नगद चढ़ावा मिला।

भंडार गिनती में मंदिर बोर्ड सदस्य भेरूलाल सोनी, संजय कुमार मंडोवरा, अशोक शर्मा, ममतेश शर्मा, श्रीलाल पाटीदार, भादसोड़ा सरपंच एवं मंदिर बोर्ड सदस्य शंभूलाल सुथार, मंदिर बोर्ड के पूर्व सदस्य भैरूलाल सोनी, कांग्रेस युवा नेता सुरेश चंद्र गुर्जर, भादसोड़ा नायब तहसीलदार शिवशंकर पारीक, प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर, मंदिर प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, लेखाधिकारी राघव शर्मा, सुरक्षा प्रभारी भैरू गिरी गोस्वामी, संस्थापन प्रभारी लेहरी लाल गाडरी, मनोहरलाल चौबीसा, कालू लाल तेली, दीपक तिवारी सहित चुनिंदा मंदिर कर्मचारी एवं बैंक कर्मी उपस्थित थे।

श्रीसांवलियाजी सेठ के एक माह के भंडार की गिनती में मंदिर पदाधिकारी उपस्थित रहे।

- **साथ ही 90 किलो चांदी व 1 किलो 260 ग्राम सोना भी प्राप्त हुआ, भंडार की गिनती छह चरणों में संपन्न हुई**